माँ मुझे तेरी जरूरत है भजन लिरिक्स

माँ मुझे तेरी जरूरत है,
कब डालोगी मेरे घर फेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

कोई ना सहारा,
बेसहारा अम्बे रानिये,
जाऊँगा ना खाली,
तेरे द्वार से,
तू है मेरी माता यह तो,
सारा जग जानता है,
बेटा कह दे,
तू भी कभी प्यार से,
मां मुझे तेरी जरूरत है,
मुझे दाती दुखों ने घेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

तेरे बिना मैया,
एक पल भी ना गुजरे,
बोल कैसे,
जिंदगी गुजारूँ मैं,
हर पल याद,
सताए तेरी अम्बिके,
हर पल तुझको पुकारूँ मैं,
मां मुझे तेरी जरूरत है,
कब होगा सुखो का सवेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

कोई भी सवाली तेरे,
दर पे जो आया,
कभी खाली ना,
लौटाया महरानिये,
रखो मेरी लाज,
कभी रहूँ ना मोहताज़,
तेरा गुण गाऊं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राज रहे रानिये,
मां मुझे तेरी जरूरत है,
मेरे दिल में करो बसेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

झण्डेवाली मैया जो भी,
झुका तेरे चरणों में,
झण्डे झूले उसके,
आसमान में,
तेरा जो दीवाना जग,
उसका दीवाना मिले,
मान उसे,
सारे ही जहान में,
मां मुझे तेरी जरूरत है,
मैं 'चंचल' बाल हूँ तेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

माँ मुझे तेरी जरूरत है,
कब डालोगी मेरे घर फेरा,
तेरे बिन जी नहीं लगता मेरा,
मां मुझे तेरी जरूरत है।bd।

Singer – Narendra Chanchal Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com